Title: Need to widen and upgrade N.H. 75-76 between Jhansi-Mirzapur-Hamirpur (Uttar Pradesh) and Chhattarpur (Madhya Pradesh) and NH 86 between Kanpur-Sagar passing through Hamirpur Parliamentary Constituency-Laid.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा (उ0 प्र0) के अंतर्गत दो प्रमुख राÂष्ट्रीय राजमार्ग कानपुन-सागर (सं0-86) एवं झांसी-मिर्जापुर (संख्या 75/76) आते हैं। इस राÂष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात होने के कारण अभी तक हजारों दुर्घनाएं हो चुकी है। पिछले 4 वर्षों से सदन के माध्यम से चार लाइनों की सड़क बनाने की माँग करता आ रहा हूँ। इस मार्ग के किलोमीटर 66 पर जनपद हमीरपुर में वेतवा नदी पर कोर सैण्ड की विशाल खदान है तथा किलोमीटर 129 से 130 कबरई टाउन में ग्रेनाइट पत्थर की कई अत्यधिक विशाल खदानें हैं, जहां लगभग 150 क्रेशर दिन-रात स्टोन बैलास्ट का उत्पादन करते हैं। फलस्वरूप इस मार्ग पर दिन-रात लगभग 7 से 8 हजार भारी मालवाहक ट्रकों का यातायात निरन्तर रहता है। 20-20 घण्टे जाम की स्थिति बनी रहती है। इस बात में प्रमाण केन्द्रीय जाँच दल स्वयं जाकर इस बात की पुÂिष्ट कर सकता है। हमीरपुर जिला मुख्यालय पर यमुना एवं वेतना नदियों में सिंगल लाइन का संकरा पुल होले के कारण जनपद का एवं प्रदेश का घण्टों सम्पर्क टूट जाता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग अन्यंत जर्जर एवं दयनीय है। राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के अनुरूप उक्त दोनों राÂष्ट्रीय राजमार्ग नहीं हैं। यहां तक राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 75, 76 झाँसी मिर्जापुर में देवरी बाँध के आगे से लगभग 9 किलोमीटर का भाग हरपालपुर (म0 प्र0) को जोड़ने वाला मात्र 09 फुट चौड़ा है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त राÂष्ट्रीय राजमार्ग के हमीरपुर से छतरपुर (म0प0) तक देवरी बाँध से मदौध होते हुए बांदा तक सड़क का चौडीकरण-सुदृढ़ीकरण तथा रास्ते पर पड़ने वाली सभी छोटी-बड़ी नदियों एवं नालों पर चार लाइन के सड़क मानक के अनुसार पूलों/पुलियों का निर्माण कार्य वार्षिक योजना में शामिल कर अविलम्ब शुरु करया जाए।